आज समाज 08/03/2025

जीएमएन कॉलेज की छात्रा कोमल ने राज्य स्तरीय रसायन विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। आर्य आदर्श गर्ल्स पीजी कॉलेज, मडलौडा, पानीपत द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन रसायन विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज की बीएससी फिजिकल साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल ने तृतीय स्थान प्रास कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कोमल को बधाई देते हुए कहा "यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमारी छात्रा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह सफलता उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।"

कोमल को सम्मानित करते हुए।

रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा अग्रवाल ने भी कोमल को बधाई देते हुए कहा, "कोमल की इस उपलब्धि से हम सभी गर्वित हैं। उनकी सफलता से यह सिद्ध होता है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं। हमें उम्मीद है कि भविष्य में भी हमारे छात्र इसी प्रकार की उपलब्धियां हासिल करेंगे और कॉलेज का मान बढ़ाएंगे।" कोमल की इस सफलता से कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों में भी उत्साह का संचार हुआ है, जो आगामी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित हुए हैं। आर्य आदर्श गर्ल्स पीजी कॉलेज, मडलौडा, पानीपत द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य भर के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें कोमल ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्रास किया।